प्रेषक,

संतोष कुमार यादव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पाक्सो अधिनियम), महोबा।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा:– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
महोबा

विषयः– अपरिपक्व स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

आदरणीय महोदय,

अत्यन्त विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी संतोष कुमार यादव आई0डी0नम्बर–यू0पी06397, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, (पाक्सो अधिनियम), महोबा के पद पर कार्यरत है तथा प्रार्थी की धर्मपत्नी श्रीमती संदीपा यादव आई0डी0नम्बर–यू0पी06423 अपर सत्र न्यायाधीश, (कोर्ट संख्या–2)/विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, महोबा के पद पर जनपद महोबा में कार्यरत हैं। जनपद महोबा में आई0सी0एस0सी0 बोर्ड का स्कूल न होने के कारण मजबूरीवश प्रार्थी की पुत्री पावन्या यशस्वी उम्र 13 वर्ष सेन्ट पैट्रिक्स कॉलेज, आगरा में कक्षा–8 में एवं प्रार्थी का पुत्र पवित्रांश यशस्वी उम्र 12 वर्ष सेन्ट पीटर्स कॉलेज, आगरा में कक्षा–7 में अध्ययनरत हैं। चूंकि वर्तमान में कक्षाओं के ऑनलाइन संचालित होने के कारण इस वर्ष प्रार्थी के बच्चें ऑनलाइन अध्ययनरत हैं, परन्तु आगामी सत्र अप्रैल–2022 से मार्च–2023 में प्रार्थी की पुत्री कक्षा–9 में प्रवेश लेगी तथा कक्षाएं ऑफलाइन होने के कारण उसके प्रवेश हेतु जनपद महोबा में आई0सी0एस0सी0 बोर्ड के स्कूल न होने के कारण प्रवेश में असुविधा होगी तथा प्रार्थी का स्वास्थ्य खराब रहता है और प्रार्थी को क्रोनिक लीवर डिजीज, उच्च ब्लड प्रेसर व अस्थमा की समस्या है और प्रार्थी का इलाज Synergy Plus Hospital, NH-2, Near Guru ka Tall, Agra-282007 से वर्ष 2017 से लगातार चल रहा है। जनपद महोबा से जनपद आगरा की दूरी लगभग 500 किलोमीटर है। प्रार्थी को इलाज हेतु बार–बार आगरा जाना पड़ता है जिससे प्रार्थी को आने–जाने में अत्याधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा जनपद महोबा में बच्चों के शिक्षण हेतु अच्छी सुविधा उपलब्ध न होने के कारण बच्चों के प्रवेश हेतु अत्यधिक समस्या है।

अतः माननीय महोदय से अत्यन्त विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर अत्यन्त सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद महोबा से जनपद लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, बरेली, रामपुर व अमरोहा में से किसी जनपद में करने की महती कृपा करें जिससे प्रार्थी के बच्चों को आई0सी0एस0सी0 बोर्ड में प्रवेश कराने की सुविधा व प्रार्थी के इलाज की सुविधा सुलभ हो सके। प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।

सादर।

दिनांकः–30.11.2021

भवदीय

Santosh Kr
30/11/2021
(संतोष कुमार यादव),
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पाक्सो अधिनियम), महोबा।